
तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 15 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 वन अपराध रोकने अंतर्राज्यीय तस्करों पर कार्रवाई में ...



11 हजारों सेल कार्मिकों को नए इस्पात मंत्री से बंधी ...




# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**पाठ्यक्रम का नाम**

1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - **मो.- 76972-12782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.


**खबर संक्षेप**

## खुले में शराब पीने वाले 6 लोगों पर कार्रवाई




**बालोद।** कोतवाली पुलिस ने देशी शराब दुकान जाने वाली मार्ग में आईटीआई कॉलेज के आसपास बैठकर शराब पीने के आरोप में पांच लोगों पर कार्रवाई की है। शहर आमापारा में शराब पीने वाले एक व्यक्ति पर यानि कि 6 लोगों पर 36 (च) के तहत कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी अब शराब की अवैध बिक्री शुरू होने की शिकायत सामने आ रही है। ग्राम निपानी, पडकीभाट, धरमपूरा, मालीघोरी, जगन्नाथपुर सहित अन्य गांवों में शराब की अवैध बिक्री होने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। वहीं गांवों में अवैध रूप से बिक रही शराब को 150 रुपए तक में खरीद कर सार्वजनिक स्थानों में बैठकर पीने वालों पर कार्रवाई नहीं होने से गांवों का माहौल फिर से खराब होने लगा है। कोतवाली पुलिस की टीम सिर्फ देशी शराब दुकान की ओर जाने वाले रास्ते में बैठकर शराब पीने वालों पर कार्रवाई करते दिख रही हैं।

**बैठक :** कलेक्टर ने राजस्व विभागीय के कार्यों की समीक्षा बैठक

# भू-अर्जन और राजस्व संबंधी सभी प्रगतिरत कार्य 15 दिवस के भीतर पूरा करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज एवं तहसीलवार कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने भू- अर्जन, मुआवजा भुगतान, राजस्व प्रकरण, आयुक्त कार्यालय से मिले आवेदन, कलेक्टर जनदर्शन, पोर्टल से मिले आवेदनों की भी समीक्षा की।

उन्होने कहा कि किसानों की समस्याओं को सुने एवं निदान भी करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का सत्यापन करें उनके द्वारा दी जाने वाली राशि को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों का सीधा संबंध किसानों से होती है। किसानों की अधिकांश समस्याएं नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन की होती है। उन्होंने किसानों की लंबित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को सख्त हिदायत देते कहा कि आमजनों से लेकर किसानों को राजस्व संबंधी काम होते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय देते निर्धारित समय में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### नियमानुसार कार्रवाई करें

कलेक्टर शर्मा ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए परिसिमन की चर्चा की और तहसीलदारों को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा की आम जनता का राजस्व विभाग के प्रति विश्वास बढ़े इस बात का विशेष ध्यान रखें। आम जनता के साथ कुशल व्यवहार रखें और सहानुभूति पूर्वक उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई करें। अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकरण को लंबित न रखें।

### फील्ड में जाकर आम जनता की समस्याओं का करें निराकरण

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को समय-समय पर फील्ड में जाकर आम जनता के साथ भेंट मुलाकात करने और उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही यथोचित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधीश ने कहा की प्रकरणों की सुनवाई के लिए आम जनता व किसानों को राजस्व न्यायलय आना होता है, ऐसे प्रकरण की सुनवाई में हितग्राही कों सुनने का पूरा मौका दें। एक ही प्रकरण की सुनवाई के लिए बार-बार राजस्व न्यायलय न बुलाया जाए।

# परिवहन विभाग ने की 14 वाहनों पर चालानी कार्राई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत एवं परिवहन निरीक्षक शकुंतला वासनिक ने शुक्रवार रायपुर रोड नेशनल हाईवे में वाहनों की ताबड़तोड़ चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कुल 14 वाहनों पर कार्रवाही करते हुए 23 हजार रूपये शमन शुल्क वसूला वहीं 2 अन्य वाहनों में 14 हजार 600 रूपये का ई- चालान किया। इसके अलावा एक माल वाहक में सवारी बैठे हुए पाये जाने पर सवारियों को उतारा कर वाहन पर चालानी कार्रवाई की गई।

गौरतलब हो कि 15 दिनों पहले भी परिवहन विभाग ने सघन अभियान चला कर सख्त कार्रवाई किया गया था। दो सफ्ताह बाद फिर विभाग ने कारवाई शुरू किए। बता दे की बीते दिनों माल वाहक वाहनों में सवारियों से भरी पिकअप के दुर्घटनाग्रस्त होने से दर्जनों व्यक्तियों की मौत हो गई थी इसके बाद से परिवहन विभाग ताबड़तोड़ सड़क पर उतरकर कार्रवाई कर रही है।

**पेट्रोल पंप, ढाबों, होटल संचालकों दी गई समझाइसः** नेशनल हाईवे स्थित बेमेतरा से सिम्गा के बीच स्थित पेट्रोल पंप, ढाबों, होटलों एवं राइस मिल के आगे छोटी बड़ी वाहन खड़ी रहती है जिससे भी सड़क दुर्घटना की संभावना हमेशा रहती है जिसके चलते जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत एवं स्टाफ ने नेशनल हाईवे स्थित पड़ने वाले पेट्रोल पंप, ढाबों, होटल के संचालकों को अपनी संस्था के सामने स्थित रोड में वाहनों को पार्किंग करने से मना करने हेतु निर्देशित करते हुए कारवाई किए जाने की चेतावनी दी।

## शिक्षा बोर्ड के सदस्य बने विधायक कोर्सेवाड़ा

**भिलाई।** शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के लिए सदस्यों की नियुक्ति कर दी है। मेंबर में 6 प्राचार्य और 4 व्याख्याता के अलावा 5 विधायक सहित कुल 20 सदस्य शामिल हैं। इनकी नियुक्ति राजपत्र में प्रकाशन के बाद तीन सालों के लिए की गई है।






# सांसदों से जामवाल ने कहा- क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गुरुवार को सभी सांसदों से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में वन टू वन जहां लोकसभा चुनाव का पूरा फीडबैक लिया, वहीं सभी से अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रहने के लिए भी कहा। अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने पर फोकस करने के लिए कहा है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार दस सीटें जीती हैं। एक ही केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद अब प्रदेश संगठन भी सक्रिय हो गया है। पहली बार क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सभी सांसदों को ठाकरे परिसर बुलाया। ठाकरे परिसर में सुबह से लेकर दोपहर तक एक-एक सांसद से अलग-अलग बात करके उनकी बात सुनी और चुनाव को लेकर फीडबैक भी लिया। इस बैठक में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग के विजय बघेल, राजनांदगांव के संतोष पांडेय, कांकेर के भोजराज नाग, बस्तर के महेश कश्यप, महासमुंद की रूप कुमारी चौधरी, सरगुजा के चिंतामणि महाराज, रायगढ़ के राधेश्याम राठिया और जांजगीर चांपा की श्रीमती कमलेश जांगड़े शामिल हुई। केंद्रीय मंत्री बनाए गए बिलासपुर के सांसद तोखन साहू दिल्ली में होने के कारण बैठक में नहीं आए। बैठक के बाद ज्यादातार सांसदों ने यही कहा, औपचारिक मुलाकात थी। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय ने बताया, लोकसभा चुनाव का फीडबैक लिया गया है। अधिक से अधिक अपने क्षेत्र की जनता के संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के भी निर्देश गए हैं। अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाने को कहा गया है।

- एक-एक सांसद से वन टू वन लोकसभा चुनाव का पूरा फीडबैक लिया



## खबर संक्षेप

### गर्भ के चिकित्सीय समापन के लिए बोर्ड का गठन

रायपुर। राज्य सरकार ने गर्भ का चिकित्सकीय समापन करने के लिए अधिनियम के तहत राज्य के हर जिले में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलॉजिस्ट तथा कुछ अन्य सदस्य शामिल होंगे।

### आगजनी की जांच के बाद हो कार्रवाई, समाज से शांति बनाए रखने की अपील

रायपुर। जैतखंब में तोड़फोड के विरोध में धरना-प्रदर्शन के बीच हुई आगजनी की घटना को लेकर वाट्स एप में कई तरह की भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। समाज के लोगों को इससे बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की जरूरत है। घटना को जिन लोगों ने अंजाम दिया है, वह किसी लिहाज से सही नहीं है। हम इसकी निंदा करते हैं। अभी जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उसकी पुख्ता जांच कराई जाए। शासन-प्रशासन द्वारा किसी भी निर्दोष को परेशान न किया जाए। यह अपील गुरुवार की शाम महाराष्ट्र मंडल में पत्रकारवार्ता के दौरान सामाजिक सद्भावना मंच के राजमहंत बंशीलाल कुर्रे, डॉ. एसएल निराला ने की।

### रोमांचक मैच में टीम ब्रह्मा बॉयज ने जीता मैच

रायपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में मंगलवार को ब्रह्मा बॉयज एवं राजनांदगांव नाइट राइडर के बीच जबरदस्त मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव की टीम ने युवराज के शतक 104 रन के साथ 147 रन बनाए, जिसकी चुनौती स्वीकार करते हुए ब्रह्मा बॉयज की टीम ने विश्वंशु श्रीवास्तव के शतक के साथ विजय का टारगेट पूरा कर तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विश्वंशु श्रीवास्तव रहे। इसका फाइनल मैच 16 जून को सुभाष स्टेडियम में होगा। बहुत ही रोमांचक मैच में दर्शकों ने खिलाड़ियों के खेल कौशल की सराहना की। इस प्रतियोगता में पूरे छत्तीसगढ़ के कायस्थ समाज के युवाओं ने भाग लिया।

### पेंशनरों की बैठक आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर का मासिक बैठक पेंशनर्स समाज के सभा भवन में 15 जून को होगी। बैठक में कई विषयों पर चर्चा भी की जाएगी। समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने बताया कि बैठक में गरियाबंद तहसील अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के बीच चल रहे विवाद पर भी चर्चा की जाएगी।

### बाइक और टैंकर टक्कर मौके पर युवक की मौत

रायपुर। आरंग थाना क्षेत्र में एक बाइक की टैंकर के सामने से भिड़ंत होने की वजह से मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह नौ बजे की है। मृतक आरंग से महासमुंद जाने के लिए निकला था। इसी दौरान टर्निंग के पास बाइक चालक टैंकर को आता नहीं देख पाया और टैंकर के सामने भिड़ गया। टैंकर की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि टैंकर के चक्के में फंसकर मृतक करीब सौ मीटर तक घिसटता रहै। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे टैंकर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## वन अफसरों के साथ मिलकर डीआरआई ने ओडिशा में ज्वाइंट ऑपरेशन किया

# वन अपराध रोकने अंतर्राज्यीय तस्करों पर कार्रवाई में पहली बार डीआरआई शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर


वन अपराध रोकने तथा इंटर स्टेट वन अपराधियों पर अंकुश लगाने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन अफसर केंद्रीय एजेंसी डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटिलिजेंस (डीआरआई) की भी मदद ले रहे हैं। एक मामले में ओडिशा के वन अपराधियों के पास तेंदुआ के साथ भारी मात्रा में पैंगोलिन खाल होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की। छापे की कार्रवाई में कोई विशेष सफलता तो हाथ नहीं लगी, लेकिन छापे की कार्रवाई में दो लोगों के कब्जे से 160 नग पैंगोलिन खाल जब्त की गई। हालांकि डीआरआई ने किसी तरह से प्रकरण दर्ज करने के बजाय मामला वन अफसरों को ट्रांसफर कर दिया।

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक उत्तरी तथा दक्षिणी कालाहांडी में शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीव पैंगोलिन तथा तेंदुआ खाल होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की गई। छापे की कार्रवाई में डीआरआई की टीम के साथ ओडिशा वन अफसरों की टीम को शामिल किया गया। छापे की कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पैंगोलिन खाल की जब्ती की गई। अफसर के अनुसार तेंदुआ खाल के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके लिए छापे की कार्रवाई लगातार जारी है।

## तेंदुआ खाल होने की सूचना पर वन अफसरों ने डीआरआई की मदद ली

### इसलिए डीआरआई को किया शामिल

वन अफसर के अनुसार ओडिशा के तस्कर उदंती-सीतानदी में वन अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद ओडिशा चले जाते हैं। इसके कारण वन अपराधियों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता था। इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई में केंद्रीय एजेंसी को शामिल किया गया है। हालांकि वन अफसरों ने ओडिशा में छापे की कई बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में कब्जा करने वालों के साथ वन्यजीवों का शिकार करने वाले अपराधियों पर नकेल कसते हुए उनकी गिरफ्तारी की है।



### कार्रवाई में पहली बार केंद्रीय एजेंसी शामिल

गौरतलब है कि वन अफसरों ने वन्यजीव अपराध में छापे की कार्रवाई में किसी केंद्रीय एजेंसी को शामिल किया है। केंद्रीय एजेंसी के शामिल होने से दूसरे राज्य में जाकर रेड कार्रवाई करने में आसानी होती है, इसी वजह से केंद्रीय एजेंसी को छापे की कार्रवाई में शामिल करने की बात जानकार कह रहे हैं। डीआरआई तथा वन अफसरों की टीम ने छापे की कार्रवाई ओडिशा के उत्तरी तथा दक्षिणी कालाहांडी में की है।

### डीआरआई की मदद से कार्रवाई की गई

वन अपराधियों के पास तेंदुआ तथा पैंगोलिन की खाल होने की सूचना पर ओडिशा वन अफसरों के साथ डीआरआई की मदद से छापे की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 160 नग पैंगोलिन खाल जब्त करने के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आने वाले दिनों में इंटर स्टेट तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने डीआरआई की मदद ली जाएगी।

**- वरुण जैन,** डिप्टी डायरेक्टर, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व

## छोटे व्यापारियों को प्राथमिकता

# ट्रेनों की पार्सल बोगी को अब लीज पर देगा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामान को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी, एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेल प्रबंधन पार्सल परिवहन की क्षमता में वृद्धि करने एवं व्यापारियों को अधिकाधिक माल ढुलाई की सुविधा उपलब्ध कराने पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देगा। इसमें कोरबा-विशाखापत्तनम, कोरबा-त्रिवेन्द्रम व कोरबा-यशवंतपुर अन्य ट्रेन शामिल है।

एसईसीआर द्वारा पार्सल बुकिंग के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों में पार्सल कार्यालय की सुविधा प्रदान की गई है, यहां यात्रियों द्वारा अपने सामान को किसी भी पार्सल आधारित स्टेशनों के लिए बुक कर पार्सल बोगी में भेजा जाता है। रेलवे की पार्सल सेवाएं छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए छोटे-बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल-माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रेनों की पार्सल बोगी को लीज पर देने की व्यवस्था की गई है।

इसी के तहत छोटे एवं बड़े वर्ग के व्यापारी अपने माल एवं सामान को तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित और सस्ते तरीके से ढुलाई के लिए इन पार्सल सेवाओं का निरंतर उपयोग कर रहे हैं।

- लीज ट्रेनों की सूची में कोरबा-विशाखापटनम, कोरबा-त्रिवेंद्रम व कोरबा-यशवंतपुर तथा अन्य ट्रेन शामिल

### वेबसाइट पर जारी की जाएगी ई-निविदा

मंडल से चलने वाली ट्रेनों की पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट पर ई-निविदा जारी की जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल से चलने वाली 17481 बिलासपुर-तिरुपति, 20845 बिलासपुर-बीकानेर, 18517 कोरबा-विशाखापत्तनम, 22647 कोरबा-त्रिवेन्द्रम, 12252 कोरबा-यशवंतपुर, 22407 अंबिकापुर-निजामुद्दीन, 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन, 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों को लीज पर दिया जाएगा। चूंकि लीज होल्डर को गाड़ी के प्रारंभिक स्टेशन के साथ यात्रा मार्ग के सभी पार्सल आधारित स्टेशनों में पार्सल लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधा प्राप्त होती है, इसलिए यह लीज होल्डरों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

## आलू-प्याज-टमाटर फिर खाने लगे भाव

# बरबट्टी, धनिया, करेला, मुनगा समेत कई सब्जियों की कीमत 80 से 100 रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी में सब्जियों का उत्पादन कम होने का असर लगातार उनकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले लगभग माहभर से सब्जियों की आवक थोक मंडी में कम हो गई है। इसके कारण इनकी कीमत में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

गुरवार को सब्जियों के भाव में और बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण टमाटर, प्याज के साथ बरबट्टी, करेला, हरी धनिया सहित अन्य कई सब्जियों के भाव में 5 रुपये से लेकर 10 रुपये तक इजाफा हुआ है। थोक में भाव बढ़ते ही चिल्हर में भी सब्जियां और महंगी हो गई हैं। हालांकि चिल्हर में थोक की तुलना में डेढ़ से दोगुना भाव में बिक रही हैं। चिल्हर में टमाटर 40 से 50 रुपये, प्याज 40, हरी धनिया 160, बरबट्टी, करेला, मुनगा 80 से 100 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। अन्य सब्जियां भी 40 से 60 रुपये किलो है।







### सब्जियों के भाव प्रति किलो

| | थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| टमाटर | 25-30 | 40-50 |
| बरबट्टी | 55-60 | 80-100 |
| मुनगा | 45-50 | 60-80 |
| करेला | 45-50 | 70-80 |
| शिमला मिर्च | 35-40 | 55-60 |
| हरी धनिया | 100-110 | 140-160 |
| लौकी | 20-25 | 40 |
| पत्तागोभी | 20-25 | 40 |
| कल्याणीभाटा | 20-25 | 40 |
| कोचई | 30-35 | 50-60 |
| तोरई | 30-35 | 50-60 |
| प्याज | 22-25 | 40 |
| कुंदरू | 35-40 | 50-60 |
| गाजर | 22-25 | 35-40 |
| मूली | 20-25 | 35-40 |
| खीरा | 15-20 | 30 |

### सागभाजी भी 80 रुपए किलो तक पहुंची

सागभाजी में पालक, लालभाजी, चौलाई आदि भी अब चिल्हर में 80 रुपये किलो तक पहुंच गई है, जबकि दो सप्ताह पहले तक ये सभी भाजी 40 से 50 रुपये किलो थी।

### बारिश सीजन में भाव गिरने की संभावना कम

श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई के अध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि सब्जी उत्पादक राज्यों में इस साल जमकर गर्मी पड़ी है। इसके कारण सब्जियों के उत्पादन में भारी कमी आई है। सब्जियों का उत्पादन घटने के कारण दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ की थोक मंडी में आने वाली सब्जियों की आवक भी घटकर 25 से 30 प्रतिशत हो गई है। इसके कारण ज्यादातर सब्जियों के भाव बढ़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के बाद बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा। इस सीजन में भी सब्जियों का उत्पादन कम होता है, जिससे आवक भी कम रहेगी। इसके कारण आगामी दिनों में सब्जियों के भाव गिरने की संभावना बहुत कम है। लौकी-पत्तागोभी भी 40 रुपये किलो बिकने लगी है। एक सप्ताह पहले तक लौकी और पत्तागोभी के भाव गिरे हुए थे। थोक में 8 से 12 रुपये एवं चिल्हर में 20 रुपये चल रही दोनों सब्जी किलो में अब 40 रुपये तक पहुंच गई है।

# रमन ने साय सरकार के 6 माह के कार्यकाल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी सरकार के कार्यों की जमकर तारीफ की है। इस पर सीएम साय ने रमन सिंह का आभार जताते हुए कहा, आभारी हूं आपका। आपके इन शब्दों से न केवल उत्साह बढ़ा है, बल्कि और अधिक बेहतर करने की प्रेरणा भी मिली है।

डॉ. रमन सिंह ने वीडियो जारी कर कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 6 माह का कार्यकाल निश्चित रूप से पिछली कई सरकार से और देश में भी कई सरकारों से अभूतपूर्व रहा है। इन छह महीनों में सरकार द्वारा बड़े निर्णय लिए गए। मोदी की गारंटी संकल्प पत्र के अनुरूप कार्य करते हुए साय सरकार ने मात्र 6 महीने में ही 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी की, 2 साल का बकाया बोनस 3716 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्के आवास की स्वीकृति दी, महतारी वंदन योजना से 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को प्रति माह 1000 की सहायता राशि सुनिश्चित कर प्रदेश की सरकार ने अद्भुत कार्य किया है। सभी योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हुआ है। शुरुआत के छह महीनों में विष्णु सरकार का प्रदर्शन बेहतर रहा है।





- सीएम साय ने जताया आभार

### संवर रहा छत्तीसगढ़

इधर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के आज 6 महीने पूरे हुए। इस पर भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ का सोशल मीडिया में हैशटैग अभियान संवर रहा छत्तीसगढ़ टॉप ट्रेंडिंग कर रहा है। समूचे छत्तीसगढ़ से आम लोगों का इसे भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग उत्सुकतापूर्वक विष्णु सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की फोटो, वीडियो, ग्राफिक्स को सोशल मीडिया के सारे प्लेटफॉर्म में पोस्ट और शेयर कर रहे हैं।

# अमित बोले- बलौदाबाजार घटना की हाईकोर्ट के जज से कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पुलिस कर रही निर्दोष लोगों पर कार्रवाई

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बलौदाबाजार की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, घटना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को बदनाम करने की साजिश की गई है। पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दायर किया जा रहा है, जिसे तत्काल वापस लिए जाने की आवश्यकता है। इस घटना की जांच उच्च न्यायालय के पदेन न्यायाधीश से कराने की मांग की है। उन्होंने बलौदा बाजार जिले का नाम बाबा गुरु घासीदास के नाम पर करने की मांग की है। उन्होंने कहा, पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने भी सतनामी समाज के धर्म स्थलों और लोगों को विशेष रूप से टारगेट किया। कांग्रेस और भाजपा ओछी और छुआछूत प्रवृत्ति का परिचय दे रही हैं। दोनों पार्टियों ने सतनामी समाज को सिर्फ वोट बैंक की नजर से देखा है। सरकार अपनी प्रशासनिक गलती को छिपाने बर्बरतापूर्वक एक समाज विशेष के लोगों पर कार्रवाई कर रही है, इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

### बलौदाबाजार घटना की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच कराएं



रायपुर। पूर्व मंत्री एवं रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा, गिरौदपुरी में जैतखंब को तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिये सतनामी समाज लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन करने इक्कठे हुये थे। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं आगजनी की गई। पुलिस पूरे सतनामी समाज को अपराधी ठहरा रही है। उन्होंने मामले में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर तथ्यों की सूक्ष्म जांच की मांग की है। श्री शर्मा ने पुलिस को आड़े हाथ लेते हुये कहा, अराजक लोगों द्वारा किये गये कार्यों के कारण पुलिस समस्त सतनामी समाज पर बर्बर तरीके से अत्याचार कर रही है, जो अमानवीय एवं मानव अधिकार का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने इस मामले में निर्दोष लोगों को फंसाने, अमानवीय कार्यवाही पर रोक लगाने तथा असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री मोदी से शुभारंभ की तैयारी

# अगले साल बनकर तैयार होगा नया विधानसभा भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नए विधानसभा भवन निर्माण की समीक्षा के दौरान कहा, प्रदेश का नया विधानसभा भवन 2025 तक बनकर तैयार हो जायेगा। नए विस भवन का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कराने की तैयारी के जा रही हैं। अध्यक्ष द्वारा समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने व कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में प्रति माह बैठक किए जाने भी निर्देश दिए गये।

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नए विस भवन के निर्माण प्रगति पर चर्चा हुई है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस कार्य में तेजी लाने और जल्द काम पूरा किये जाने के निर्देश भी दिए हैं। संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि प्रदेश का नया विधानसभा भवन 2025 तक बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ का नया विधानसभा बेहद आधुनिक होगा, इसका निर्माण कार्य 68 फीसदी पूर्ण हो चुका है। दिसम्बर तक स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा होगा, वहीं इसके बाद इंटीरियर का काम शुरू होगा। नया विधानसभा भवन सौर ऊर्जा की बिजली से रोशन होगा। यह हिंदुस्तान के लिए उदाहरण बनेगा।



### 100 वर्षों की जरूरत की पूर्ति करने में सक्षम

बैठक में अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नवीन विधानसभा भवन की समस्त उर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए सोलर टेक्नोलॉजी के समुचित उपयोग, पूरे भवन परिसर में अधिकाधिक वृक्षारोपण, वर्षा जल का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करते हुए वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, संपूर्ण भवन के प्रत्येक कार्य में निर्माण सामग्री सहित उपयोग में आने वाली समस्त सामग्री में उच्च गुणवत्तायुक्त नवीन उत्पाद व टेक्नोलॉजी का समावेश व समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए ऐसा भवन विकसित किए जाने के निर्देश दिए, जो आने वाले 100 वर्षों की जरूरत की पूर्ति करने में सक्षम हो।

### जून 2025 तक निर्माण पूरा होने की संभावना

नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा भवन को लेकर मुख्य अभियंता ने बताया गया कि नवीन विधानसभा का वर्क आर्डर अगस्त, 2022 को दिया गया था। कार्य पूर्ण होने की अवधि 24 माह, 31 अगस्त 2024 तक निर्धारित किया गया है। इसमें लगभग 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जून 2025 तक विधानसभा परिसर का कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

# भाजपा पार्षद दल 18 को महापौर कक्ष के सामने नगाड़ा बजाकर करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा पार्षद दल मंगलवार को नगर निगम के महापौर के सामने दोपहर 12 बजे नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करेगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद जल संकट की समस्या, अमृत मिशन योजना के क्रियान्वयन में लेटलतीफी, ट्रेजर आईलैंड पर 17 करोड़ की बकाया राशि को 2.50 करोड़ करने पर सवाल उठायेगा। इसके साथ ही बारिश में जलभराव से निपटने निगम की तैयारी की जानकारी लेगा। गांधी सदन में गुरुवार को भाजपा पार्षद दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के कक्ष में आयोजित की गई। भाजपा पार्षदों ने शहर में जल संकट से लोगों को हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा कि निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी कई वार्डों में पेयजल की समस्या बनी रहना गंभीर विषय है। भाजपा पार्षदों ने महापौर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे बैठक में कहा पेयजल के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। अमृत मिशन योजना में करोड़ों खर्च कर काम करवाये गये पर इसका समुचित लाभ शहर की आम जनता को नहीं मिल पाया। नगर निगम सीमा क्षेत्र में निर्मित पानी टंकी से किस वार्ड में कितना पानी जाना है, इसका सही आकलन आज तक नगर निगम के अधिकारी नहीं कर पाये। ऐसे दोषी अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ के नुकसान पर सवाल

एक तरफ शहरी सरकार की परिषद ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ का नुकसान के मामले को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार से मिलने की तैयारी में है। वहीं भाजपा पार्षद दल इस मामले में महापौर की चुप्पी पर सवाल उठाने और उनका ध्यान आकर्षित कराने नगाड़ा बजाकर विरोध करेगा। अभी तक इस विषय में कार्रवाई क्यों नहीं की गई, इसका जवाब भी 18 जून को मांगा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में आयोजित बैठक में उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, सरिता वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, नारद कौशल, चंद्रपाल धनगर, कामिनी देवांगन, सरिता दुबे, सुशीला धीवर, सीमा-मुकेश कंदोई, विश्वदिनी पांडे, कमलेश वर्मा, सावित्री-जयमोहन साहू, टेसू नंद किशोर साहू, गोपेश साहू, तिलक पटेल, सुमन राम प्रजापति, रोहित साहू, रवि ध्रुव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप





### प्लेट मिल में पौधारोपण दिया हरियाली का संदेश

**भिलाई।** बीएसपी के प्लेट मिल विभाग में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता थे। अध्यक्षता कर रहे मुख्य महाप्रबंधक आरके बिसारे ने की। इस अवसर पर सीजीएम तरूण कनरार, डी एल मोईत्र, टी दस्तीदार, अरूण कुमार, एस के घोषाल, एस टोकदार, ए के दत्ता, राजीव पाण्डेय, संदीप माथुर उपस्थित थे। अधिकारियों ने पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

### राष्ट्रीय पंजा कुश्ती में छत्तीसगढ़ का लहराया परचम

**भिलाई।** राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 6 जून से 10 जू मे आयोजित हुई नागपुर में पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वाधान कराई गई। सिने अभिनेत्री प्रीति झंगियानी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के खिलाडियों ने 21 मेडल प्राप्त किये। छग के महासचिव श्रीकांत ने बताया कि विजेता खिलाडियो का चयन विश्व पंजा कुश्ती प्रतियोगिता यूरोप एवं ओपन एशिया पंजा कुश्ती प्रतियोगित 2024 2025 इंडिया के लिए किया गया हैं। पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष जी सुरेश पिल्ले व चेयरमैन बृजमोहन सिंह व आनंद साहू ने खिलाड़ियों की हौसलाआफजाई की है। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्णायक एवं टीम कोच ऋषभ जैन और टीम कप्तान सन्नी बँसोड प्रशिक्षक थे। महिला टीम कप्तान रुपाली फूले व टीम मैनेजर राम किशोर साहू व राष्ट्रीय रेफरी आशीष बँसोड ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

# लंबे इंतजार के बाद डिप्लोमा इंजी. को मिला सम्माजनक पदनाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

लंबे इंतजार के बाद सेल में डिप्लोमा इंजीनियर्स को सम्मानजनक पदनाम मिल गया है। एसोसिएशन ने सेल में जूनियर इंजीनियर्स पदनाम नए सिरे से लागू करने किए जाने के इंजीनियर्स के हित में बताया है। इसकी मांग लंबे समय से एसोसिएशन कर रहा था। कहा कि यह एकता और संघर्ष का फल है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि डिप्लोमा इंजीनियर्स अपने सम्मान के लिए कई वर्षों से संघर्ष करते आ रहे हैं। सरकार ने डिप्लोमा इंजीनियर की मांग का समर्थन करते हुए सेल को निर्देश जारी किया था कि देश के अन्य समकक्ष संस्थाओं की तरह डिप्लोमा इंजीनियर का पदनाम एवं प्रमोशन पॉलिसी यहा भी लागू किया जाए। 7 वर्ष बाद इस कार्य में डिप्लोमा इंजीनियर्स को आंशिक सफलता मिली है।सेल प्रबंधन द्वारा सम्मानजनक पदनाम दिया है। इसे सेल के सभी कर्मचारी के लिए बिना क्वालिफिकेशन देखे ग्रेड वाइज किया गया है, जबकि अन्य पब्लिक सेक्टर या गवर्नमेंट में जो लोग 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा योग्यता के बाद अपनी नौकरी प्रारंभ करते हैं उनका पदनाम जूनियर इंजीनियर प्रारंभ से ही कर दिया जाता है। डिप्लोमा इंजीनियर को डिग्रेड करके एस -6 से एस- 3 किया गया था, इसलिए डिप्लोमा की इच्छा थी कि जूनियर इंजीनियर पद नाम एस- 3 से ही आए पर,सेल में इसकी शुरुआत होना भी हर्ष की बात है। राजेश शर्मा ने कहा किएसोसिएशन एस 3 के करीब लाने एवं प्रमोशन पॉलिसी को सही कराने के लिए प्रयासरत रहेगा।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स एसो ने कहा सेल का अच्छा कदम

### शरणागत हुए एनजेसीएस नेता

बीएकेएस यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने जारी बयान में कहा कि पदनाम के मुद्दे को लेकर एनजेसीएस के सभी नेता सेल प्रबंधन के शरणागत हो गए हैं। इंजीयरिंग शब्दकोश का नाम है न कि पदनाम है। वहीं क्लस्टर डी में मुश्किल से 5 प्रतिशत कर्मचारी भी नहीं जा सकेंगे। जूनियर इंजीनियर पदनाम अन्य संस्थानों में नियुक्ति के समय ही दिया जाता है। अब सेल में सेवानिवृत्ति के समय दिया जाएगा।यूनियन इसे लेकर इस्पात मंत्री को पत्र लिखेगी।

## सेल बीएसपी और मजदूरों की लंबित हैं कई समस्याएं

# हजारों सेल कार्मिकों को नए इस्पात मंत्री से बंधी नई उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

देश के नए इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से हजारों सेल कर्मचारियों को नई उम्मीद बंधी है। उनके पदभार संभालने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र को उनके प्रथम भिलाई प्रवास को लेकर उत्सुक है वहीं हजारों कार्मिकों, अधिकारियों और मजदूरों को भी आगमन का बेसब्री से इंतजार है। सेल बीएसपी सहित कर्मियों की कई समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं।

अब तक अधिकतर नवपदस्थ केंद्रीय इस्पात मंत्री पदस्थ होने के बाद सेल के सबसे बड़े संयंत्र भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा करते रहे हैं। इसे देखते हुए कर्मियों व अधिकारियों को उम्मीद है कि नए इस्पात मंत्री कुमार स्वामी माहांत में या अगले महीने भिलाई इस्पात संयंत्र का विजिट कर सकते हैं। इसे देखते हुए यूनियनों और अधिकारी संगठनों की मांगों को लेकर उम्मीद बढ़ गई है। सभी मंत्री से मिलकर लंबित समस्याओं के जल्द निदान की मांग करेंगे। उल्लेखनीय है कि कई समस्याओं का निदान अब तक नहीं होने से सेल और कार्मिकों दोनों को ही नुकसान हो रहा है। हजारों सेल कर्मियों की सबसे बड़ी समस्या दो साल से लंबित अधूरा वेतन समझौता है। 2022 में एनजेसीएस बैठक में हुए वेतन समझौता को सेल प्रबंधन ने बहुमत के आधार पर निर्णय ले लिया था। इसे घाटे का समझौता बताते हुए सीटू व बीएमएस ने साइन नहीं किए थे। एटक का कहना है कि जब प्रधानमंत्री बोल रहे हैं कि सत्ता के लिए बहुमत नहीं सर्वमत जरुरी है। तब वेतन समझौता सर्वसम्मति की परंपरा के उलट बहुमत के आधार पर कैसे लिया जा सकता है। इस्पात मंत्री से जल्द वेज रिवीजन की विसंगति को दूर किए जाने की मांग की जाएगी। यूनियनों के मुताबिक एक बड़ी मांग 39 महीने के एरियर्स की है, जिसे प्रबंधन ने एमओयू के समय आश्वासन के बाद भी अब अमल से इनकार कर दिया है और केबिनेट से मंजूरी भी नहीं ली है। इसी तरह सेल अधिकारियों का अन्य महारत्न कंपनियों से वेतन कम होना है, पे अनामली की समस्या है। सेल में वेतन कम होने के कारण अधिकारी अन्य उपक्रमों में जा रहे हैं और जेएनएल अस्पताल को डाक्टर नहीं मिल रहे हैं। यूनियनों के मुताबिक 60 साल पुराने टाउनशिप के मेंटेनेंस नहीं होने से कर्मियों की बढ़ती बुनियादी समस्याएं यथावत हैं।

## यूनियनों और अधिकारी संगठनों को भिलाई दौरे का इंतजार

### खास बातें

- 39 महीने के एरियर्स को केबिनेट की मंजूरी की जरुरत
- लंबित है बीएसपी का एक्सपॉन्सन प्रोजेक्ट




### ठेका मजदूरों को अल्प वेतन व सुविधाएं

बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों के चौतरफा शोषण का निदान मंत्री के लिए ही नहीं सरकार के लिए भी चुनौती है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी में 20 हजार मजदूर काम करते हैं,पूरे सेल में एक लाख से अधिक हैं। बीएसपी में मजदूर कर्मचारियों से अधिक हैं लेकिन ठेकेदार न निर्धारित वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाएं दे रहे हैं और सेफ्टी किट भी पर्याप्त नहीं देते हैं। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि धरना प्रदर्शनों के बाद सिवाय आस्वासन मिलता है। मजदूरों को 26 हजार वेतन के साथ पर्याप्त बोनस व सभी निर्धारित भत्तों की मांग कर है। एनजेसीएस मीटिंग में मुद्दा उठ चुका है। नए इस्पात मंत्री से मामले में संवेदनशील होने की उम्मीद है। निर्वतमान इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एकमात्र ऐसे मंत्री रहे जो अपने दस महीने के कार्यकाल में एक बार भी भिलाई नही आए।

### बीएसपी का लंबित है एक्सपांशन

सेल की सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी के आधुनिकीकरण एवं विस्तारीकरण का प्रोजेक्ट 3 साल से लंबित है। इसके तहत नया यूआरएम और ब्लास्ट फर्नेस सहित आधा दर्जन नई मिलें व शांप का निर्माण होना है। पूर्ण होने के बाद बीएसपी का 11 और सेल का 21 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य है। लेकिन पिछले प्रोजेक्ट की तरह यह एक्सपांशन भी विलंब से लागत बढ़ने के साथ उत्पादन लक्ष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यूनियनों के मुताबिक सेल के किस्तों में निजीकरण, एफएसएनएल का निजीकरण अंतिम स्टेज पर होना और बंद बीएसएएनएल टेलीकाम फैक्ट्री की समस्याओं के निदान को लेकर डबल इंजिन सरकार के होने से इस्पात बिरादरी को इस्पात मंत्री से नई उम्मीदे बंधी हैं। रावघाट माइंस प्रोजेक्ट और रेलवे लाइन निर्माण जल्द पूर्ण कराने की भी मांग की जाएगी।

# सफल आडिट के बाद बीएसपी में आईएमएस सिस्टम नवीनीकृत



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

मेसर्स टीयूव्ही द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र का इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम का पहला सर्विलांस आडिट किया गया। सफल आडिट के बाद बीएसपी को प्राप्त इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम सर्टिफिकेट को 2023–26 तक की अवधि के लिए पुनः प्रमाणन दिया गया।

इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रणाली शामिल हैं। इससे संयंत्र को विभिन्न प्रक्रियाओं में सहायता करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दोषरहित उत्पाद एवं सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रभावी प्रक्रियाएँ और प्रशिक्षित कर्मचारी रखने में मदद मिलती है। इन तीनों सिस्टम्स के मापदंडों को बनाये रखने और इस सर्टिफिकेट को जारी रखने के लिए यह अडिट किया गया। आडिट के पहले दिन कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार की अध्यक्षता में, अडिट किये जाने वाले संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी, आडिटर्स के साथ बैठक में सम्मिलित हुए।संयंत्र, टाउनशिप और माइंस तीनों को कवर किया गया। मेसर्स टी.यू.व्ही. नर्ड द्वारा, 6 अडिटर्स नियुक्त किये गए थे। जिनमें से 3 आडिडिटर्स ने बीएसपी के सभी मानदंडों को सही पाया। पहली बार बीएसपी के एसएमएस–3, यूआरएम और बीआरएम सहित अन्य मडेक्स इकाइयों में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया। अंतिम दिन संयंत्र, टाउनशिप और माइंस में किये गए अडिट का ब्यौरा और रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके बाद मेसर्स टीयूव्ही नर्ड द्वारा निर्धारित सभी कड़े स्टैंडर्ड और मानदंडों को सही पाए जाने पर बीएसप के पुनः प्रमाणीकरण की अनुशंसा की गई। इसमें ईडी पवन कुमार सहित सीजीएम निशा सोनी सहित प्रबंधक प्रकाश कुमार साहू, प रवि कुमार आदि का योगदान रहा।

- बीएसपी, टाउनशिप व माइंस को किया कवर

# डी क्लस्टर के कर्मचारी कहलाएंगे जूनियर इंजीनियर, एस-6 ग्रेड से जेई नाम हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई



सेल द्वारा कर्मचारियों के पदनाम परिवर्तन को लेकर यूनियनों की मिश्रित प्रतिक्रिया आ रही है। पदनाम परिवर्तन को लेकर लंबे समय से की जा रही मांग को देखते हुए सेल प्रबंधन ने रिवाइज पदनाम जारी किया है। इसके तहत डी क्लस्टर के कर्मचारियों को जूनियर इंजीनियर पदनाम दिया गया है। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इंटक द्वारा लगातार सेल कर्मियों के पदनाम परिवर्तन की मांग की जा रही थी। 13 अप्रैल को भी डायरेक्ट के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। यदि प्रबंधन पदनाम परिवर्तन में एस- 6 ग्रेड से जूनियर इंजीनियर पदनाम देता तो ज्यादा अच्छा रहता। जूनियर इंजीनियर इस बात से दुखी हैं कि जूनियर इंजीनियर पर नाम नहीं मिला है। लेकिन राहत यह हो कि उनके नाम से असिस्टेंड व ओसीटी शब्द हटा दिया गया है।

### बदला पदों का नाम

टेक्निकल एरिया के लिए अभी तक ए क्लस्टर यानी एस- 1 व एस-2 ग्रेट को अटेंडेंट कम टेक्नीशियन कहा जाता था। इसे अब टेक्निकल एसोसिएट पदनाम दिया गया है। बी क्लस्टर यानी एस- 3 से एस-5 ग्रेड के कर्मचारियों को ओसीटी पदनाम दिया गया था जिसे अब बदलकर जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट दिया गया है। सी क्लस्टर अर्थात एस-6 से 8 के कर्मचारियों को सीनीयर ऑपरेटर पदनाम दिया गया था, जिसे बदलकर अब इंजीनियरिंग एसोसिएट पदनाम दिया गया है। डी क्लस्टर अर्थात एस- 9 से एस 11 के कर्मचारियों को मास्टर टेक्नीशियन/ चीफ मास्टर टेक्नीशियन पदनाम दिया गया था। इसे बदलकर अब जूनियर इंजीनियर किया गया है। जिस कर्मचारी को ई0 पदोन्नति होकर जूनियर ऑफिसर पदनाम मिला था उन्हें अब जूनियर मैनेजर कहा जाएगा। पदनाम परिवर्तन के बाद दी क्लस्टर के कर्मचारी प्रसन्न है वहीं जूनियर युवा इंजीनियर इस बात से दुखी हैं कि उन्हें जूनियर इंजीनियर पर नाम नहीं मिला है लेकिन इस बात से भी राहत महसूस कर रहे हैं कि उनके नाम से अटेंडेंट एवं ओसीटी शब्द हटाया गया है।

# रावघाट परियोजना की सीएसआर गतिविधियों को मिला कलिंगा सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई



भुवनेश्वर में पर्यावरण, ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न सीएसआर गतिविधियों को कलिंगा सी एस आर एवं सस्टेनेबिलीटी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। रावघाट परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार ने सम्मान समारोह में पुरस्कार को ग्रहण किया। यह अवार्ड संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को को सौपा गया। उन्होंने उपलब्धि पर रावघाट परियोजना के सभीअधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर ईडी अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, डां. एके पंडा, समीर स्वरुप, पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डां. रविन्द्रनाथ एम तथा सीजीएम अरुण कुमार सहित एजीएम जय प्रकाश, सचिन रंगारी, योगेश वर्मा तथा वरिष्ठ प्रबंधक केके गुप्ता उपस्थित थे।

### शिक्षा व स्वास्थ्य में योगदान

बीएसपी ने शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु रावघाट खदान के सीएसआर के तहत गाँवों से कुल 523 बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। डी ए वी शिक्षण संस्थान के साथ अनुबंध कर सी बी एस सी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। मोबाईल मेडिकल यूनिट, खोड़गाँव स्वास्थ्य केंद्र, दंडकवन स्वास्थ्य केंद्र तथा अंतागढ़ स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से सुदूर तथा अति पिछड़े क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। बीएसपी के तहत सीएसआर के तहत वर्ष 2023 में कुल 22845 मरीजों का इलाज किया गया तथा 45 से अधिक मरीजों इलाज कराया व 24 बालिकाओं को भिलाई नर्सिंग कालेज से नर्सिंग का चार वर्षीय स्नातक का कोर्स कराया जाता है।

# श्रम मंत्री से मिले बीएमएस पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

गुरुवार को भिलाई इस्पात मजदूर संघ के अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, महामंत्री चन्ना केशवलू के सहित पदाधिकारियों ने श्रममंत्री लखन लाल देवांगन से रायपुर में मिलकर समस्याओं के निदान की मांग की। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ ने मंत्री को पहली बार मान्यता में आयी यूनियन और प्रबंधन के बीच बैठकों में निष्क्रियता, संयंत्र में लगातार दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी दी और भिलाई संयंत्र भ्रमण करने की माँग की। श्रम मंत्री को इस्पात मजदूर संघ द्वारा जुलाई माह में उत्कृष्ठ श्रमिक सम्मान समारोह और अभ्यास वर्ग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधि मंडल में वशिष्ठ वर्मा, डिल्ली राव, जोगिंदर कुमार,गौरव कुमार,प्रकाश अग्रवाल, सुधीर गाढ़ेवाल. ए. वेंकट रमैया, घनश्याम साहू, उपस्थित थे।

- बीएसपी कर्मियों की मांगों के निदान की मांग

## बैठक में अध्यक्ष कोमल ने लाइजन आफिसर रोहित को सौंपा ज्ञापन

# विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रबंधन और एसो. के बीच हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार ने जानकारी दी कि एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एससी/एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में लाईजन ऑफिसर रोहित हरित वरिष्ठ प्रबंधक आईआर एवं सीएलसी के बीच बैठक हुई।

अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने लाईजन आफिसर को ज्ञापन सौंप अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारी एवं कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों भिलाई टाउनशिप में डॉ. आम्बेडकर की प्रतिष्ठा के अनुरूप सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी के बाजू में खाली पडी जमीन में डॉ. आम्बेडकर पुस्तकालय एवं संग्रहालय का निर्माण कार्य अतिशीघ्र शुरू किया जाये। बीएसपी अधिकारियों की जून में होने वाली पदोन्नति में अजाजजा के अधिकारियों को पदोन्नति दी जाये। सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन के बाजू में जैतखाम निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के साथ स्टेडियम परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाये। सुदूर अंचल के आदिवासी बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित ज्ञानोदय छात्रावास की वर्तमान परिस्थिति से अवगत कराया जाये। बीएसपी के अजाजजा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की विभागवार सूची एसोसिएशन को उपलब्ध कराने की मांग की गई। बैठक में एसोसिएशन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, शशांक प्रसाद जोनल सचिव संतज्ञानेश्वर गायकवाड, कालीदास बघेल, संजय कुमार, उत्तम मंडावी, यशवंत नेताम, एमएल राय, धरमपाल आदि उपस्थित थे।

### जल्द कार्रवाई का दिया आश्वासन

बैठक में महासचिव विजय कुमार रात्रे ने जेओ-2024 की पदोन्नति में हमारे अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कर्मचारियों को पर्याप्त संख्या में पदोन्नति प्रदान करने की मांग रखी। उन्होनें प्रबंधन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि ड्यूटी आते-जाते समय बोरिया गेट एवं मेन गेट में भारी वाहनों की अस्त-व्यस्त ट्रैफिक व्यवस्था रहती है जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है एवं बोरिया गेट में न सिर्फ सड़क के किनारे बल्कि सडक के ऊपर भी फलवाले ठेला लगाते हैं जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। कोषाध्यक्ष अनिल खेलवार ने कहा कि हमारे माइंस के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कर्मचारियों के बच्चों को जो भिलाई में रहकर शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। उन्हें खाली पडे क्वार्टर को दिया जाना चाहिए जिससे हम अपने कर्मचारियों को मदद कर सकेंगे एवं अवैध कब्जे से भी निजात पा सकेंगे। इस पर लईजन अफसर रोहित हरित ने सभी मुद्दों पर उच्च प्रवंधन से चर्चा कर जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## नौ केंद्रों में 2605 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

# 3943 अभ्यर्थियों ने दी पीईटी व पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने गुरुवार को पीईटी ,प्री एमसीए तथा पीपीएचटी की प्रवेश परीक्षा ली। दुर्ग- भिलाई में परीक्षा के लिए 9 केन्द्रों में दो शिफ्टों में यह परीक्षा हुई। पीईटी परीक्षा में 2376 अभ्यर्थी शामिल हुए। कुल 3484 लोगों को परीक्षा देनी थी लेकिन 1108 अभ्यर्थी शामिल नहीं हुए। पीपीएचटी की परीक्षा में 3064 अभ्यर्थियों को शामिल होना था लेकिन 1497 गैरहाजिर रहे। केवल 1567 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। पीपीएचटी 8 केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई थी। सबसे ज्यादा 244 अभ्यर्थी श्रीशंकराचार्य जुनवानी केंद्र में शामिल हुए।

**इन केंद्रों में हुई परीक्षा :** पीईटी की परीक्षा के लिए दुर्ग भिलाई में जहां 9 केन्द्र बनाए गए हैं, वहीं पीपीएचटी की परीक्षा 8 केन्द्रों में आयोजित की गई। पीईटी के लिए साइंस कॉलेज दुर्ग, स्वामी आत्मानंद स्कूल दीपक नगर दुर्ग, गर्ल्स कॉलेज दुर्ग, संगठा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल्स साइंसेस कुरूद रोड भिलाई, श्री शंकराचार्य ग्रुप इंस्टीट्यूट एंड टेक्नालॉजी जुनवानी, सीएसआईटी इंद्रमणि, दुर्ग, आरसीईटी 2 जुनवानी, आरसीईटी 1 जुनवानी केन्द्र बनाए गए थे। इसी तरह सेकंड शिफ्ट में आरसीईटी 2 जुनवानी को छोड़कर फर्स्ट शिफ्ट के सभी केन्द्रों में परीक्षा ली गई।

## खबर संक्षेप



### 25 लीटर शराब जब्त दो युवक जेल दाखिल

**बेमेतरा।** बेरला पुलिस एवं सायबर टीम की संयुक्त टीम ने 100 पौवा लगभग 25 लीटर देशी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपी अश्वनी निषाद पिता फिरंता निषाद 21 वर्ष कोसपातर, दुष्यंत साहू पिता झुमुक साहू 18 वर्ष कोसपातर थाना बेरला के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम कोसपातर के दो व्यक्ति एक नीले सिल्वर रंग की एफजेड मोटर सायकिल से अवैध रूप से शराब परिवहन करने की सूचना मिली थी। थाना स्टॉफ एवं सायबर टीम की संयुक्त टीम ग्राम पिपरोलडीह पहुंची बाइक सवार दो व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम अश्वनी निषाद बताया एवं दूसरे ने दुष्यंत साहू ग्राम कोसपातर का रहने वाला बताया। थैले में 100 पौवा देशी मसाला शराब मिली। दोनों आरोपियों के कब्जे से जुमला 25.2 लीटर देशी मसाला शराब व मोटर सायकिल जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया हैं।

### आत्मानंद विद्यालय आमापारा में प्रवेश फार्म मिलेगा 18 से

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में सत्र 2024–25 में शेष रिक्त सीट को भरने के लिए द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया ऑफ–लाइन के माध्यम से की जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि रिक्त सीट हेतु आवेदन फार्म वितरण 18 जून से किया जा रहा है। आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 25 जून रहेगी। आवेदन फार्म विद्यालय के मुख्य गेट से पालक प्राप्त कर सकते हैं। कक्षावार रिक्त सीट की जानकारी 18 जून को विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी।

### मरीजों की निजता का किया जाएगा सम्मान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने राज्य के समस्त आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, संचालक आयुष, अधिष्ठाता समस्त शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन मुख्य अस्पताल अधीक्षक को परिपत्र जारी कर कहा है कि किसी भी शासकीय चिकित्सालय में उपचार करा रहे मरीजों की शासकीय अथवा गैर शासकीय व्यक्तियों के द्वारा किसी प्रकार की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी नहीं की जाए, जिससे उनकी निजता भंग हो। श्री पिंगुआ ने उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जनहित याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीपीआईएल नंबर 38 ऑफ 2024 में 10 जून 2024 को पारित आदेश का हवाला देते हुए सभी मरीजों की निजता का सम्मान एवं उनके व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन न करने की बात कही है। समाज में एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए यह आवश्यक है कि हम इस प्रकार के कृतियों से बचें और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करें। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## मांग

### हाईवे पर बढ़ते हादसे व सरहद के महत्व से क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से लगाई गुहार

# सरदा के बाद रांका-कठिया में होने लगी पुलिस चौकी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सरदा क्षेत्र में बढ़ते अपराध एवं कानून व्यवस्था के सुगमता के लिए पुलिस उप थाना की बहुप्रतीक्षित मांग के बाद रांका-कठिया क्षेत्र में पुलिस की चौकी खोलने की मांग होने लगी है। दरअसल रांका-कठिया क्षेत्र के अधिकांश गांव नेशनल हाईवे-30 इर्द-गिर्द होने के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं जिला सीमावर्ती इलाका होने से चौकी की जरूरत काफी समय से हो रही है, किन्तु शासन-प्रशासन द्वारा इस संबंध में अब तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लिहाजा स्थिति यह है कि यहां अक्सर सड़क हादसे की खबर मिलते रहती है, फिर भी शासन-प्रशासन इस विषय पर सुध नहीं ले रहा है।

गौरतलब हो कि ज़िला से 15 किलोमीटर दूरस्थ सरहद दायरे में रांका-कठिया क्षेत्र स्थित है। जहां इलाके से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक- 30 के गुजरने से राजधानी रायपुर से सिमगा होते हुए बेमेतरा, कवर्धा एवं जबलपुर के लिए रोजाना हज़ारों वाहनों की निरन्तर आवाजाही होते रहती है। इस दायरे में सिमगा से बेमेतरा शहर के बीच करीब दर्जनभर गांव बसे होने से यह हादसों में काफी बढ़ोतरी देखी गई है। नेशनल हाईवे पर पूरे सालभर मवेशियों व अन्य पशुओं के झुण्ड का जमावड़ा लगातार बना रहता है, जिससे रात्रि के वक्त अक्सर दुर्घटना होता ही रहती है, जिसमे जान-माल की काफी क्षति होती है। इसके साथ यह सड़क अन्तर्ज़िला मार्ग होने के कारण इस रूट का महत्व काफी है। अनेक अन्तर्ज़िला तस्करी व सिंडिकेट गिरोह के लिए बेहतर कॉरिडोर बन जाता है। वह इसकी तुलना में बेमेतरा शहर के दोनों ओर सिटी कोतवाली को छोड़कर इस नेशनल हाईवे पर कोई पुलिस चौकी व थाना नहीं है, जो अपराधिक गुर्गों के लिए सुविधाजनक है। हालांकि सिमगा शहर के बार्डर पर शिवनाथ नदी के करीब एक अस्थायी बेरिकेड्स लगा हुआ है, किन्तु यह क्षेत्र काफी बेमेतरा शहर के सिटी कोतवाली थाने से काफी दूर होने से पुलिस एक्टिविटी काफी कम है जिसका फायदा तस्करो व अपराधियों को हो जाता है। वर्तमान में आपराधिक कॉरिडोर एवं हादसेयुक्त क्षेत्र होने से फिलहाल पुलिस चौकी की दरकार है। लिहाजा कठिया सहित आसपास के डेढ़-दो दर्जन गांव के लोग अपनी स्थानीय सुविधा पर चौकी की मांग करने लगे हैं। जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी समर्थन दिया जा रहा है।

इस संबंध में बेरला मण्डल के भाजपा महामंत्री गौकरण साहू ने बताया कि रांका-कठिया गांव में चौकी की मांग तो पूर्ववर्ती शासन के दरम्यान से की जा रही है, किंतु पंचवर्षीय कांग्रेस शासन में कोई पहल नहीं हुआ एवं गांव में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सिर्फ आत्मानन्द स्कूल खोलने की घोषणा की गई, बाकि चौकी की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। चूंकि अब क्षेत्र सहित प्रदेश में भाजपा शासन है तो इस पर पुरजोर प्रयास कर क्षेत्रवासियों के लिए चौकी की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी कराई जाएगी। ताकि क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों के लोगों को कानूनी व अन्य पुलिस सम्बन्धित फायदा स्थानीय स्तर पर मिल सके।

#### पुलिस के 2 अनुविभाग अंतर्गत 15 थाने-चौकी से हो रहा कानून व्यवस्था का कार्य

दरअसल वर्तमान में ज़िला अंतर्गत दो पुलिस अनुविभाग है, जिसके अंतर्गत फिलहाल कुल 9 थाने एवं 6 चौकी स्थापित है, जहाँ से जिला में कानून व्यवस्था एवं दुर्घटनाओं एवं अपराध पर पुलिस की निगरानी रहती है। इसमें बिरनपुर में पुलिस सहायता केंद्र एवं देवरबीजा और सम्बलपुर में नया चौकी एवं चंदनु चौकी को थाने में परिवर्तित किया गया है। वहीं ज़िलाभर में ऐसे कई इलाके है, जहां भौगोलिक दूरी, आर्थिक महत्व एवं हादसे व आपराधिक गतिविधियों को देखकर और नए थाना चौकी की मांग तेज हो रही है, जिसमें बेरला अनुविभाग में भिम्भौरी एवं देवकर में चौकी को थाना का दर्जा, सरदा में नए चौकी, बिरनपुर व में नया चौकी एवं बेमेतरा अनुविभाग अंतर्गत छिरहा एवं कठिया में नया चौकी के साथ खण्डसरा के चौकी को कारेसरा में स्थापित होना जरूरी है। इसके अलावा पुलिस की सक्रियता बढ़ाने के लिए जिला के नवागढ़ अथवा नांदघाट में नए पुलिस अनुविभागीय (एसडीओपी) कार्यालय खोलने की आवश्यकता है। जिस पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग को गम्भीरता से संज्ञान लेने की जरूरत है।

# रक्तदान शिविर में 22 यूनिट ब्लड एकत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ. एसआर चुरेंद्र के मार्गदर्शन में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन जिला चिकित्सालय बेमेतरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 22 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, उक्त कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपेश साहू, जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा, सिविल सर्जन डॉ एसआर चुरेंद्र, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉक्टर स्वाति यदु उपस्थित थे। इसके लिए जिला अस्पताल बेमेतरा के द्वारा सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

■ जिला चिकित्सालय में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

#### ये सावधानी बरतें रक्तदान करने से पहले

रक्तदान से पहले तंबाकू, सिगरेट, शराब सहित अन्य नशीली चीजों का सेवन न करें। रक्तदान के पहले पर्याप्त खाना खाएं और तरल पदार्थ लें। खाली पेट रक्तदान नहीं करना चाहिए, इससे चक्कर आने की संभावना रहती है।

#### कोई भी कर सकता है रक्तदान

कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है। 18 से 60 वर्ष आयु को कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

# हरडुवा के मनरेगा कार्य में रोजगार सहायक की मनमानी

### कार्रवाई को लेकर मजदूर लालबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

जिले के जनपद साजा एवं देवकर क्षेत्र अंतर्गत हरडुवा गांव में इन दिनों मनरेगा का कार्य चल रहा है जिसमे विभिन्न अनियमितताओं को लेकर स्थानीय मनरेगा मजदूर रोजगार सहायक के खिलाफ लामबन्द हो गए है। जिसमे ग्रामीणों द्वारा रोजगार सहायक पर कार्यवाही की भी मांग की जा रही है।

दरअसल ज़िला पंचायत बेमेतरा के दिशानिर्देश पर साजा जनपद के ग्राम पंचायत हरडुवा में मनरेगा का कार्य काफी दिनों से चल रहा है जिसमे मनरेगा कर्मियों के मुताबिक कार्य के दौरान रोजगार सहायक की खुलेआम मनमानी चलती है। मनरेगा भुगतान में बड़ी अनियमितता भी किया जाता है जिसमें किसी श्रमिक का दैनिक मज़दूरी कम तो किसी को वाजिब रोजी मिल रहा है जबकि कार्य के पश्चात कई मज़दूरों को एक दो दिन का पैसा नही मिलता है। इसके अलावा दैनिक हाजिरी रजिस्टर में अनुपस्थित श्रमिक का हाजिरी लगाकर भी दस्तावेज से छेड़छाड़ किया जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया। वही इस सम्बंध में रोजगार सहायक महेश दास वैष्णव ने बताया कि मैट द्वारा मनमानी किया जाता है एवं मनरेगाकर्मियों द्वारा तय गहराई का कार्य किया जाता है। जिससे अन्य पंचायतों की तरह हरडुवा के रोजगार मानदेव में भी कटौती हो रही है। जबकि इस पर आक्रोशित मनरेगाकर्मियों ने जनपद सीईओ प्रकाश मेश्राम से भी शिकायत की थी जिस पर उनके द्वारा भी मामले को ध्यान नहीं दिया गया है जिससे लगातार रोजगार सहायक की मनमानी जारी है वहीं रोजगार सहायक पर कार्यवाही की मांग मनरेगाकर्मियों द्वारा की जा रही है।

### जिले में कहीं नहीं मिले बाल श्रमिक

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन में बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन की दिशा में बचाव अभियान कार्यक्रम के तहत जिले में टॉस्कफोर्स टीम का गठन किया गया है। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि गठित टास्कफोर्स टीम के माध्यम से जिले में स्थित उद्योगों, निर्माण कार्यों, दुकानों, होटल, ढाबा, वर्कशाप, आटोपार्ट्स, गैरेज, ईट भट्ठा, कबाडी इत्यादि में निरीक्षण कर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान टीम को उद्योगों, संस्थानों में निरीक्षण किया गया, जहां कोई भी बाल श्रमिक नियोजित नहीं पाये गए।

### विस अध्यक्ष रमन से भाजपा नेताओं ने की मुलाकात ...



**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने सौजन्य मुलाकात की। भाजपा नेताओं ने क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा मण्डल महामंत्री मिंटू बिसेन, यशवंत पांडे एवं नितिन दुबे आदि उपस्थित रहे।

### रोजगार मेला में 17 अभ्यार्थियों का चयन



**बेमेतरा।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा के सामंजस्य से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक कोबिया चौक के पास डीपीआरसी भवन बेमेतरा में एक दिवसीय रोजगार मेला का अयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक न्युट्रिएन्टी क्रॉप केयर प्रा. लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ग्रुप लीडर व टीम लीडर के कुल 39 पद हेतु रोजगार मेले का अयोजन कराया गया। रोजगार मेला में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यार्थियों की संख्या 77 रही। जिसमें से 17 अभ्यार्थियों का चयन कर नियुक्ति पत्र दिया गया।

# आगामी लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इस वर्ष के द्वितीय नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में न्यायाधीशगण की बैठक ली गई। उक्त बैठक में न्यायाधीशगण को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों में मध्य प्री-सिटिंग कराकर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों को निराकरण करने प्रोत्साहित किया एवं पूर्व में चिन्हांकित राजीनामा योग्य प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा योग्य प्रकरणों में अधिक से अधिक पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग करने हेतु चर्चा की गई। अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा साथ ही न्यायाधीशगण को राजीनामा योग्य प्रकरणों में विशेष कर धारा 138 पराकम्य लिखित अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम प्रकरण एवं दांडिक प्रकरणों में पीड़ित पक्षकार के साथ प्री सिटिंग कर प्रकरण को आपसी सुलह समझौते से शांति पूर्ण निपटारे हेतु प्रेरित किया। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकव्हरी प्रकरण, सिविल प्रकरणों, प्री-लिटिगेशन प्रकरण का निराकरण किया जाना है। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसके संबंध में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में चर्चा की।

# सुचिता उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित



**बेमेतरा।** राज्य स्तरीय शिक्षा एवं कला साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार स्थान वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरुण साव उपमुख्यमंत्री थे। इस अवसर पर बेमेतरा जिले की शासकीय प्राथमिक शाला खिलोरा की नवाचारी शिक्षिका सुचिता निषाद सहित राज्य के उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया।

शिक्षिका सुचिता निषाद शिक्षा के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में जैसे खेल एवं योग, और राष्ट्रीय कैडेट कोर के साथ कला के क्षेत्र में पैरा आर्ट राजभित्ति आर्ट, मिट्टी कला में निपुणता प्राप्त कर चुकी हैं। सुचिता निषाद पूर्व में शिकसा शिक्षक सम्मान 2023, जिला स्तरीय नवाचारी शिक्षिका पर्यावरण मित्र सम्मान एवं राज्य स्तरीय प्रतिभावान कैडेट को सम्मान से सम्मानित की जा चुकी हैं। इस अवसर पर नवाचारी शिक्षिका सुचिता निषाद को आरएसी दल्ली राजहरा एथलेटिक क्लब के सदस्य, जयंती स्टेडियम गर्ल्स क्लब भिलाई, गुरुजनों, मित्र और स्नेही जनों सहपाठियों, परिजनों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं, डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, संकुल केंद्र खिलोरा के संकुल समन्वयक नीलेश सोनी, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गेंद राम वर्मा और हाई स्कूल व्याख्याता पुरुषोत्तम यादव, मनोज वर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी है।

# सीसी रोड निर्माण में अनियमितता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत मनियारी में एक मामला सामने आया है। जिसमें सीसी रोड ठेकेदार द्वारा अधूरे निर्माण पर ग्रामीणों ने अनियमितता व गबन की आशंका जताई है।

बता दें कि ग्राम पंचायत मनियारी में सेतराम विश्वकर्मा के घर से नहर नाली तक सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60 लाख स्वीकृति हुआ था। वहीं कार्य शुरू सेतराम विश्वकर्मा के घर से ही शुरू हुआ जो प्यारे लाल निषाद के घर तक सीसी रोड का निर्माण हुआ है जबकि स्वीकृति नहर नाली तक होने के बाद भी निर्माण कार्य में अनियमितता दिखाई गई है। इससे ग्रामीण रविन्द्र भास्कर चौबे ने बताया कि यह सीसी रोड निर्माण बिल्कुल ही गबन व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों में कार्य एजेंसी को लेकर सवाल खड़ा हो रहे है। साथ ही ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यह सीसी रोड निर्माण की गुणवत्ता व निर्माण पर जांच की जाए और अधूरे कार्य को पूर्ण किया जाए।

■ ग्रामीणों ने की जांच की मांग

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत मनियारी में सीसी रोड निर्माण में हुए गबन को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो रहे है, वही दूसरी तरफ जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्टाचारियों को सहयोग देकर धड़ल्ले से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा गौर चौंक में गड्ढे होने पर सड़क में कीचड़ जम जाते है। आदिवासी गोंडवाना समाज के आस्था के देवी देवता गौरा चौंक स्थल पर मानक को दरकिनार कर रॉड निर्माण में गड़बड़ी की गई है। जिनके चलते आये दिन इस स्थान पर पानी भर जाते है।

पानी की जमाव होने पर गंदगी व बदबू आने लगते है। साथ ही बीमारियों का खतरा बना रहता है। अधूरे निर्माण पर ग्रामीणों में जांच की मांग कर रहे है।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# युवा शिविर में 39 प्रतिभागी हुए शामिल



**बेमेतरा।** मानव तीर्थ द्वारा मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद पर आधारित परिवार व्यवस्था मे जीने के अध्ययन और अभ्यास के लिए 10 दिवसीय 3 से 12 जून तक युवा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे देश भर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया। यह युवा शिविर मानव तीर्थ का 8 वां कैप रहा, इस शिविर में 39 प्रतिभागी शामिल हुए। 8 अलग-अलग राज्यो से जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मुंबई,उड़ीसा, बिहार, राजस्थान, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों से युवा शामिल थे। इस शिविर (यूथ कैंप) का उद्देश्य परिचय के बाद, अध्ययन से जुड़ने के लिए बीच की कड़ी के रूप में किया जाता हैं जिससे अध्ययन अभ्यास की स्पष्टता बने, युवाओं को मानव तीर्थ में अध्ययन अभ्यास का स्वरूप का भास हो, और युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, करियर, पहचान, संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है। साथ ही युवाओं में मंगल मैत्री स्थापित करना और निश्चित व व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करवाना ही इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.